# नगरायुक्त के जल भराव दूर करने के निर्देश





शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के केरुगंज रोड पर पी0डब्लू0डी द्वारा पुलिया चौड़ीकरण के कराये जा रहें कार्य का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त द्वारा पुलिया चौड़ीकरण के कारण मो0 घूरन तलैया में जलभराव की समस्या पाई गई। नगर आयुक्त द्वारा नाले के कारण मो0 घूरन तलैया हो रही जलभराव की समस्या की जानकारी ली गई। अवर अभियंता निर्माण विक्रमाजीत यादव द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिया के नीचे बल्ली एवं सटरिंग लगी होने के कारण जलभराव की निकासी सुचारु रुप से नही हो पा रही है। नगर आयुक्त द्वारा जलभराव की समस्या का समाधान तत्काल रुप से कराये जाने व पुलिया चौड़ीकरण के कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक अभियंता निर्माण विपुल कुमार, अवर अभियंता निर्माण विक्रमाजीत यादव, क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।